प्रकृति एवं मिशन लाइफ के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय, जतोग कैंट परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम की रिपोर्ट

Plantation program under Prakrti and Mission LiFE in the premises of Kendriya Vidyalaya, Jutogh Cantt.

हिमालयन वन अनुसन्धान संस्थान, शिमला ने केन्द्रीय विद्यालय, जतोग कैंट के सहयोग से 3 अगस्त, 2023 को विद्यालय के आस पास खाली भूमि पर पौधरोपण कार्यक्रम किया । इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. संदीप शर्मा ने छात्रों को वन महोत्सव का महत्व बताया और कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए । डॉ. जगदीश सिंह, वैज्ञानिक-जी ने छात्रों को मिशन लाइफ एवं शहरी वानिकी के महत्व पर जानकारी दी । उन्होनें कहा कि शहरी वानिकी को अपनाना अति आवश्यक है, क्योंकि शहरों में पर्यावरण दूषित हो रहा है । पेड़ पौधों को उगाकर पर्यावरण के प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सकता है । उन्होनें कहा कि हमें अपने घर के परिसर एवं उसके आस पास औषधीय पौधे जैसे कि तुलसी, पुदीना, मुश्कबाला, चोरा, महामेदा, वनक्षा, पत्थर चट्टा आदि उगाने चाहिए । डॉ. जोगिंदर सिंह चौहान, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने मृदा-अपरदन बचाव के बारे में छात्रों को जागरूक किया । कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों सहित 130 लोगों ने भाग लिया । पौधरोपण कार्यक्रम में देवदार, बहमी, बियूल, खिड़क, कचनार एवं लियुसीनिया के 100 पौधे रोपे गए इसमे छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया ।

कार्यक्रम की झलकियाँ

मीडिया कवरेज़

पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

शिमला। केंद्रीय विद्यालय जतोग छावनी में गुरुवार को हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला के सौजन्य से विद्यायल परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डाक्टर संदीप शर्मा ने छात्रों को वन महोत्सव का महत्व बताया और अधिक से अधिक पेड़ लगाने व पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित किया। डाक्टर जगदीश सिंह, वैज्ञानिक ने छात्रों को मिशन लाइफ एवं शहरी वानिकी के महत्व पर जानकारी दी। मुख्य तकनीकी अधिकारी डाक्टर जागिंदर सिंह चौहान ने छात्रों को मृदा-अपरदन बचाव के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के 130 छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने पौधारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की। पौधारोपण कार्यक्रम में देवदार, बहमी, बियूल, खिड़क, कचनार एवं लियुसीनिया के 100 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यायल के प्राचार्य मोहित गुप्ता और पुर्व प्राचार्य वीरचंद भी उपस्थित रहे

अमर उजाला

न्यूज डायरी

केवी जतोग परिसर में विद्यार्थियों ने रोपे सौ पौधे

शिमला। केंद्रीय विद्यालय जतोग छावनी में वीरवार को हिमालयन वन अनुसंधान संस्था की ओर से विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में 130 विद्यार्थियों सहित अध्यापकों ने भाग लिया। इस दौरान देवदार, बियूल, खिड़क, कचनार सहित विभिन्न प्रजातियों के 100 पौधे रोपे गए। संस्थान के निदेशक डॉ. संदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को वन महोत्सव का महत्व बताया और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। वैज्ञानिक डॉ जगदीश सिंह ने विद्यार्थियों को मिशन लाइफ और वानिकी के महत्व की जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ जोगिंदर सिंह चौहान, प्रधानाचार्य मोहित गुप्ता और पूर्व प्राचार्य वीरचंद भी मौजूद रहे। संवाद

****